प्रादेशिक समाचार
दिनांक–13.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बोकारो जिले की दीपक देवी को रात्रि भोज का आमंत्रण, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने के लिए हुए चयनित।
2. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार से पेसा कानून लागू करने की मांग की, कहा – गांव सशक्त होगा तो राज्य और देश मजबूत बनेगा।
3. हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल राज्य सरकार पर लगाया आरोप, कहा –राज्य में केंद्र की योजनाओं की धीमी रफ्तार के लिए हेमंत सरकार जिम्मेदार।
4. पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड, 2 से 3 दिनों तक कई इलाकों में घने कोहरे का अनुमान।
5. राजधानी रांची में महिला हॉकी इंडिया लीग का हुआ शानदार आगाज, पहले मैच में ओडिशा वारियर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को हराया।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बोकारो जिले की दीपक देवी को 26 जनवरी को रात्रि भोज का आमंत्रण मिला है। दीपक देवी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया था, जिससे न केवल उन्हें मुफ्त बिजली मिली, बल्कि अनुदान और अन्य लाभ भी प्राप्त हुए। दीपक देवी ने केंद्र सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार सुदूर क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों को पहचान देती है।

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार से पेसा कानून लागू करने की मांग की है, ताकि गांवों को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने बुंडू में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान राज्य सरकार से वायदे पूरे करने की अपील की और कहा कि भाजपा जनता के हित में कदम उठाएगी।

**********************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल रामगढ़ में प्रेस मीट में शामिल हुए जहां उन्होंने केंद्र की योजनाओं की धीमी रफ्तार का कारण झारखंड सरकार की लापरवाही को बताया। उन्होंने एयरपोर्ट निर्माण और एक्सप्रेस–वे परियोजनाओं की भूमि अधिग्रहण में देरी पर चिंता जताई। सांसद ने हजारीबाग के लिए एम्स अस्पताल और सड़क सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल उठाए, साथ ही उन्होंने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे और स्कूलों में छुट्टियों को लेकर भी चर्चा की।

**********************

विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ आज पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में अमृत स्नान के साथ शुरू हो गया। लाखों श्रद्धालु, तीर्थयात्री और आगंतुक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर पवित्र डुबकी लगा रहे हैं। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। 144 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता बढ़ा रहा है। कल करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। अनुष्ठान स्नान के अलावा लाखों श्रद्धालु संगम पर कल्पवास की प्राचीन परंपरा का भी पालन कर रहे हैं। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार श्रद्धालु निर्धारित अनुष्ठानों का सख्ती से पालन करते हुए माघ पूर्णिमा तक एक महीने के लिए कल्पवास करेंगे।

**********************

दुमका के बासुकीनाथ धाम में राजस्थान हाइ कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल चोरी होने के मामले में जरमुंडी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साहिबगंज और बिहार–बंगाल सीमा से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के आठ मोबाइल बरामद किए। थाना प्रभारी ने बताया कि विशेष अनुसंधान टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अपराधियों को पकड़ा गया और सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय जेल भेजा गया है।

********************

रामगढ़ जिले में स्वच्छता एवं प्रकृति को समर्पित आदिवासी समुदाय का महापर्व सोहराय को लेकर उत्साह का महौल देखा जा रहा है।

********************

पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में देखने को मिल रहा है, जिससे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और सभी जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने 2 से 3 दिनों तक राज्य के पश्चिमी भागों में घने और आंशिक कोहरे अनुमान जताया है। राज्य का सबसे कम यानी न्यूनतम तापमान पश्चिमी सिंहभूम के जगरनाथपुर में 7 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया वहीं अधिकतम तापमान पलामू के डालटनगंज में 28 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 9 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में कल महिला हॉकी इंडिया लीग का शानदार उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने खिलाड़ियों का स्वागत किया, साथ ही हॉकी इंडिया फाउंडेशन और झारखंड हॉकी का आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन मैच में, ओडिसा वॉरियर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 4–0 से हराया। आज शाम छह बजे से श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का मुकाबला सूरमा हॉकी क्लब से होगा।

उधर, राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पुरुष हॉकी इंडिया लीग भी जारी है। हैदराबाद तूफान ने कल वेदांत कलिंगा लांसर्स पर 5–1 से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ हैदराबाद तूफान अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। आज रात सवा आठ बजे से तमिलनाडु ड्रैगन्स का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रयागराज में आज से शुरू हो रहे महाकुम्भ की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर ने लिखा है प्रयागराज महाकुम्भ का श्रीगणेश आज, पहला अमृत स्नान कल होगा।

प्रभात खबर की सुर्खी है पेसा में पेच : नियमावली तैयार है, पर लागू नहीं।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–कल्याण विभाग ने सरकार को भेजा प्रस्ताव, मार्च तक टेंडर प्रक्रिया –आठवीं के पांच लाख बच्चों को मई से मिलेगी साइकिल।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। लिखा है युवा शक्ति बनाएगी देश को विकसित राष्ट्र।

और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रयागराज महाकुम्भ की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।